दैनिक जागरण

बरेली, मंगलवार
15 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

PAGE NO : IV MIDDLE

# सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली एसआर ने डीपीएस को हराया




एसआर के कप्तान शुभ को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजक ● सौ. संस्था

- सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली को सात विकेट और एसआर ने डीपीएस को 41 रन से हराया
- सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष व एसआर के बल्लेबाज शुभ बने मैन आफ द मैच

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एसआर इंटरनेशनल ने जीत हासिल की। सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली को सात विकेट और एसआर इंटरनेशनल ने डीपीएस को 41 रन से हराया।

सेक्रेड हार्ट्स के कप्तान अभिनव ने टास जीतकर मानस स्थली को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहली ही गेंद पर सारांश ने मानस स्थली के ओपनर बैट्समैन और कप्तान सत्यांश को क्लीन बोल्ड किया। फिर मानस स्थली की बल्लेबाजी बिखर गई और पूरी टीम 14.5 ओवर में 43 रन पर सिमट गई। जीत के लिए 43 रनों के लक्ष्य को सेक्रेड हार्ट्स की टीम ने आसानी से 7.2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसमें कप्तान अभिनव ने 18 रन और हार्दिक जैन ने 10 रन बनाए। सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता ने 3.5 ओवर में पांच रन देकर चार विकेट हासिल कर मैन आफ द मैच बने।

दूसरे मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआती विकेट गिरने के बाद शुभ गंगवार ने दो छक्कों और नौ चौकों की मदद से 53 रनों पर नाबाद 79 रनों की कप्तानी पारी खेली, जिससे टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 145 रन का स्कोर बनाया। जवाब में डीपीएस की पूरी टीम 15 ओवर में 104 रन पर एसआर के गेंदबाजों के आगे नतमस्तक हो गई। एसआर के कप्तान शुभ गंगवार ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी अगुवाई की और तीन विकेट हासिल किए। नाबाद 79 रन बनाने के साथ तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार मैन आफ द मैच बने।

### टूर्नामेंट में आज

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला मैच सुबह आठ बजे जीके सिटी मांटेसरी स्कूल और मुकुन्द इंटरनेशनल के बीच होगा। दूसरा मैच दोपहर बारह बजे जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल के बीच होगा।